राजस्थान के मंत्रीयो का 2008 और 2012 में घोषित अचल संपत्तियों का तुलनात्मक विवरण

- **2012 में अचल संपत्ति की कुल संख्या–** राजस्थान के 23 मंत्रीयो द्वारा 2012 में कि गई अचल संपत्ति की घोषणा की कुल संख्या **229** है। अर्थात औसतन प्रत्येक मंत्री के पास **10** अचल संपत्तियां है।
- **2008 में अचल संपत्ति की कुल संख्या–** राजस्थान के 23 मंत्रीयो द्वारा 2008 में कि गई अचल संपत्ति की घोषणा की कुल संख्या **197** थी। अर्थात औसतन प्रत्येक मंत्री के पास **9** अचल संपत्तियां थी।
- **अचल संपत्तियों की संख्या में वृद्धि–** राजस्थान के 23 मंत्रीयो द्वारा 2012 में कि गई अचल संपत्तियों की कुल संख्या में 2008 में घोषित संपत्तियों की तुलना में **32** की वृद्धि हुई है।
- **अचल संपत्तियों की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि–** अचल संपत्तियों की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि **श्री महेन्द्रसिंह मालविया** ने घोषित की है। 2008 में इन्होने **15** संपत्तियों की घोषणा की थी जोकि 2012 में बढ़कर **25** हो गई है। (2012 में इनके द्वारा घोषित नई संपत्तियां इनके परिवार जन के नाम हैं।)
- **अन्य वृद्धि घोषित करने वाले मंत्री–** अचल संपत्तियों की संख्या में वृद्धि घोषित करने वाले अन्य मंत्री हैं– **श्री मुरारी लाल मीना** ने 7 की वृद्धि घोषित की है (2008 में 11 संपत्ति और 2012 में 18 संपत्ति), **श्रीमति मंजू देवी** ने 7 की वृद्धि घोषित की है (2008 में 7 संपत्ति और 2012 में 14 संपत्ति) और **श्री विनोद कुमार** ने 6 की वृद्धि घोषित की है (2008 में 11 और 2012 में 17)
- **अचल संपत्ति में घटोत्तरी–** 4 मंत्रीयों ने संपत्ति में कमी घोषित की है उनमें– **डा0 दयाराम परमार** की संपत्ति 2008 में 14 से घटकर 2012 में 12 हो गई है इसी प्रकार **विजेन्द्र सिंह ओला** की संपत्ति 11 से घटकर 5, श्री हेमा राम चौधरी की संपत्ति 16 से घटकर 13 और **बीना काक** की 7 से घटकर 5 हो गई है।
- **समान संपत्तियों की संख्या–** 6 मंत्रीयों ने अपनी संपत्ति 2012 और 2008 में एक समान घोषित की है यह हैं **श्री राजेन्द्र पारिख** जिन्होनें दोनो ही वर्षों में 4 संपत्तियों की घोषणा की है, **श्री अमीन खान** जिन्होने दोनो ही वर्षों में तीन संपत्तियों की घोषणा की है, **डा0 जितेन्द्र सिंह** ने दोना ही वर्षों में 7 संपत्तियों की घोषणा की है, **श्री शान्ति कुमार धारीवाल** ने दोनो ही वर्षों में 7 संपत्तियों की घोषणा की है, **श्री प्रसादी लाल मीना** ने दोनो ही वर्षों में 3 संपत्तियों और **श्री ऐमादुद्दीन अहमद** ने दोनो ही वर्षों में 9 संपत्तियों की घोषणा की है।
- **शून्य संपत्ति घोषित करने वाले मंत्री–** **डा0 राज कुमार शर्मा** ने दोनो ही वर्ष 2008 और 2012 की घोषणाओं में शून्य संपत्ति घोषित की है।

नीचे की तालिका में राजस्थान के मंत्रीयो की संपत्तियों की संख्या का तुलनात्मक विवरण दिया गया है (2012 और 2008 के बीच)

Name of the Minister	Number of Properties declared in 2012	Number of Properties declared in 2008
Sh. Mahendrajeet Singh Malviya	25	15
Gurmeet Singh Kunnar	23	24
Sh. Murari Lal Meena	18	11
Sh Vinod Kumar Lilawali	17	11
Sh. Babu Lal Nagar	14	13
Smt. Manju Devi	14	7
Sh. Ashok Bairwa	13	8
Sh. Hema Ram Chaudhary	13	16
Sh. Dayaram Parmar	12	14
Sh. Virendra Beniwal	11	10
Sh. Harji Ram Burdak	9	5
Sh. Aimaduddin Ahmad	9	9
Sh. Ashok Gehlot	8	7
Sh. Shanti Kumar Dhariwal	7	7
Dr. Jitendra Singh	7	7
Smt. Naseem Akhtar Insaf	5	4
Sh. Brijendra Singh Ola	5	11
Bina Kak	5	7
Sh. Rajendra Pareek	4	4
Ramkishore Saini	4	1
Sh. Ameen Khan	3	3
Sh. Parsadi Lal Meena	3	3
Dr. Rajkumar Sharma	0	0